रचनात्मक आकलन–1 (नमूना प्रश्न पत्र)

कक्षाः नौवी कक्षा (2022-23) समयः45मि.

नामः क्र.सं: अंकः 20

भाग–1

I. निम्न अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **5 x 1= 5**

एक राजा था। वह बहुत ही सुंदर महल में रहता था। उसे महल पर बहुत गर्व था। संसार के कोने–कोने से यात्री महल देखने आते थे। यात्रियों ने अपने यात्रा वर्णन में महल की सुंदरता के बारे में कई बातें लिखीं। उन्होंने एक गाने वाली चिड़िया के बारे में भी लिखा था। यह चिड़िया महल के पास वाले जंगल में ही रहती थी और बहुत मधुर स्वर में गाती थी।

1. राजा कहाँ रहता था ?
2. संसार के कोने–कोने से कौन आते थे ?
3. चिड़िया कहाँ रहती थी ?
4. 'राजा' लिंग बदल कर लिखिए।
5. यह गद्यांश किस पाठ से दिया गया है ?

II. सूचना के अनुसार प्रश्नों के जवाब विकल्पों से चुनकर लिखिए। **5 x 1= 5**

6. मेहमाँ जो हमारे होते है।(रेखांकित शब्द का अर्थ क्या है?) ( )

A) मनुष्य B) अतिथि C) मित्र D) दुनिया

7. राजा स्वस्थ हो गया। (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द क्या है?) ( )

A) अस्वस्थ B) सुस्वस्थ C) अनुस्वस्थ D) अपस्वस्थ

8. हिमालय पिघलता जा रहा है।(रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद क्या है?) ( )

A) हिमा + लय B) हिम + अलय C) हिम + आलय D) हिम + लय

9. 'मतलब के लिए अंधे होना'_(मुहावरे का अर्थ क्या है?)? ( )

A) प्रसन्न होना B) भाग जाना C) दु:खी होना D) स्वार्थी होना

10. चीता तेजी से दौड़ता है। (क्रिया विशेषण क्या है?) ( )

A) चीता B) तेजी से C) दौड़ता D) कोई नहीं

भाग–2

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में लिखिए। **3 x 2= 6**

11. शैलेंद्र कुमार के बारे में आप क्या जानते हैं?
12. मज़दूरों और किसानों की दशा सुधारने के लिए हमें क्या करता चाहिए ?
13. पर्यावरण बिगड़ने से क्या हानि होती है ?

IV. किसी एक प्रश्न का उत्तर 10 पंक्तियों में लिखिए। **1 x 4= 4**

14. **i)** 'जिस देश में गंगा बहती है' पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ?

(या)

ii) **'गानेवाल चिड़िया'** पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ?

[watermark]